<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–24 मई 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान पर साधा निशाना, कहा–आतंकवाद ही पाकिस्तान के अंत का कारण बनेगा।
- प्रदेश के सभी अस्पतालों की सुरक्षा के लिए होगी फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा–समयबद्ध ढंग से दुरुस्त की जाएं कमियां।
- अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर दरबार में तीन जून से शुरू होगी मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा, पांच जून को पूरे हो जाएंगे मुख्य मंदिर से जुड़े सभी काम।
- आईपीएल दो हजार पचीस के एक मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बयालिस रनों से हराया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या में हनुमानगढ़ी में श्री हनुमत कथा मंडपम का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने अयोध्या की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और विकासात्मक प्रगति की चर्चा करते हुए सनातन धर्म की रक्षा और इसके वैश्विक प्रचार–प्रसार के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि हर भारतवासी को सेना पर गर्व है। पाकिस्तान के अंत की शुरुआत हो चुकी है और आतंकवाद ही उसके अंत का कारण बनेगा।

***भारत के तीनों सेनाओं के द्वारा संयुक्त रूप से किए गई कारवाई में एक सौ चौबीस से अधिक आतंकवादी मारे जा रहे हैं तो गलती भारत की नहीं पाकिस्तान के उन लोगों की हैं जो लोग पाकिस्तान में बैठ करके आतंकवादियों को प्रश्रय दे रहे हैं और ये आतंकवाद मैं विश्वास के साथ कहता हूँ ये पाकिस्तान को ही ले डूबेगा एक दिना।***

इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला का दर्शन–पूजन कर लोगों के कल्याण एवं सुख–समृद्धि की कामना की।

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता से उत्साहित समग्र राष्ट्र भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना से आकाशवाणी समाचार एक विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। इसी कड़ी में हम परमवीर चक्र विजेता फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

**पंजाब की लुधियाना जिले में जन्मे फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सिक्खों को जून 1967 में भारतीय वायुसेना में नियुक्ति मिली। वे घाटी की हवाई रक्षा के लिए श्रीनगर स्थित नेट टुकड़ी में पायलट थे। 14 दिसंबर 1971 को श्रीनगर एयर फील्ड पर 6 पाकिस्तान से सेवरजेट विमानों के एक समूह ने हमला किया। दुश्मन की विमान के ऊपर से उड़ान भरने की कोशिश करना जानलेवा खतरे को आमंत्रित करना था लेकिन, फ्लाइंग ऑफिसर सिक्खो ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना, अपने नेट को उड़ाकर दो हमलावरों को उलझा दिया। उनके विमान पर आक्रमण में वे शहीद हो गए। फ्लाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिक्खो को सर्वोच्च वीरता, उड़ान कौशल और बलिदान के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उन्हें नमन करता है। अनुपम मिश्रा, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।**

**********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में कल कानपुर देहात में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं बदायूं में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने गंगा नदी में नाव पर सवार होकर तिरंगा यात्रा में भाग लिया। बलरामपुर में सदर विधायक पल्टूराम के नेतृत्व में और कुशीनगर के पड़रौना में विधायक मनीष जायसवाल के अगुवाई में निकाली गयी भारत शौर्य तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। अमरोहा के रामलीला मैदान से भी लोगों ने तिरंगा यात्रा निकाली।

**********

प्रदेश सरकार ने सभी अस्पतालों की सुरक्षा के लिए फायर सेफ्टी मॉक ड्रिल पुनः करवाने के का निर्देश दिया है। यह जानकारी उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल लखनऊ में दी। उन्होंने बताया कि लखनऊ के लोकबंधु अस्पताल में लगी आग की जांच रिपोर्ट आ गई है। इस घटना में कोई भी व्यक्ति उत्तरदायी नहीं पाया गया है।

***जांच रिपोर्ट आ गई है। किसी एक व्यक्ति को अकेले जिम्मेदार नहीं माना गया है, लेकिन सुरक्षा की नजर से कई सुझाव दिए गए हैं। उन सभी दिशा निर्देशों को नीचे तक अनुपालन सभी अस्पतालों में किया जाये। ऐसे निर्देश हमने दिये है और फायर सेफ्टी आडर पुनः कराने के लिये हमने कहा है और जो भी कमिया पाई जायेंगी आडिट में उन्हें समयबद्ध ढंग से दुरूस्त किया जाये।***

**********

प्रदेश सरकार ने बेसिक शिक्षकों के अन्तः अन्तरजनपदीय तबादले को लेकर कल आदेश जारी कर दिया। आदेश के मुताबिक अब शिक्षक अपनी मर्जी से जिले के अन्दर या बाहर किसी भी स्कूल में तबादले के लिये आवेदन कर सकेंगे। सरकार ने सेवा–अवधि की अनिवार्यता को खत्म करते हुए तबादला प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। शिक्षकों को ऑनलाइन पोर्टल पर अधिकतम दस स्कूलों को वरीयता के आधार पर चुनने का विकल्प मिलेगा लेकिन उन्हीं स्कूलों का चयन किया जा सकेगा जहां शिक्षक की जरूरत होगी।

**********

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में राम दरबार के लिए भगवान राम, मां सीता, लक्ष्मण जी और हनुमान जी की मूर्तियां कल परिसर में पहुंचा दी गईं। श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मुख्य मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक अनुष्ठान तीन जून से शुरू होकर पांच जून तक चलेंगे। उन्होंने कहा कि पांच जून एक तिथि ऐतिहासिक होगी। इस दिन मुख्य मंदिर से संबंधित सभी कार्य पूरे हो जाएंगे।

**********

बर्ड फ्लू के खतरे को देखते हुए इटावा सफारी पार्क में वन कर्मियों द्वारा गहन निरीक्षण और नियमित रूप से सेनेटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। इटावा सफारी पार्क के उप निदेशक विनय कुमार सिंह ने बताया कि सफारी क्षेत्र में भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में कल एक चिकित्सा कैम्प का भी आयोजन किया गया।

***60 लोगों के नाक और थूक के सैंपल लेकर बेसिक जांच की गई है, कोई भी इंफेक्शन नहीं है। तो ये स्योर करने के लिये सैंपल कलेक्शन किया गया और इसको मुख चिकित्सा इटावा के माध्यम से जांच किट से परीक्षण कराया गया।***

**********

प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कल अरबी व फारसी की मुंशी–मौलवी यानी सेकेन्ड्री और आलिम यानी सीनियर सेकेन्ड्री का परीक्षा परिणाम जारी किया। मुंशी–मौलवी परीक्षा में अमेठी जिले के मोहम्मद आकिब और आलिम में मुरादाबाद के फुरकान अली ने प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुंशी–मौलवी में सतासी दशमलव छह छह प्रतिशत और आलिम में चौरानवे दशमलव छह दो प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ बाईसवीं कड़ी होगी।

**********

इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल दो हजार पचीस के एक मुकाबले में कल सनराइजर्स हैदराबाद ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को बयालिस रनों से हरा दिया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने टास जीत कर सनराइजर्स हैदराबाद को पहले बल्लेबाजी करने का अवसर दिया। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने छह विकेट पर दो सौ इकतीस रन बनाए। जवाब में रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु की टीम उन्नीस दशमलव पांच ओवर में एक सौ नवासी रनों पर ही ऑल आऊट हो गई।

**********

महारानी अहिल्याबाई होल्कर की तीन सौवीं जयंती वर्ष के अवसर पर कल प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किये गये। मेरठ में प्रदेश के ऊर्जा राज्य मंत्री डॉक्टर सोमेन्द्र तोमर के नेतृत्व में गगोल तीर्थ घाट पर सरोवर आरती का आयोजन हुआ। जौनपुर में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा घाट की सफाई की गयी और गोमती नदी की आरती हुयी। अमरोहा के श्रीमद् दयानंद कन्या गुरूकुल महाविद्यालय में महारानी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित डॉक्यूमेंट्री प्रदर्शित की गयी।

**********

देवरिया जिले के लार थाना क्षेत्र के जनुवा गांव में कल देर शाम बिजली की चपेट में आने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि पांच अन्य लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये।

**********